Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या – 17–विशेष सर्वेक्षण (Creative Writing) - 308 / 2019..10935

प्रेषक,

जय सिंह, भा०प्र०से०
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

समाहर्त्ता–सह–बंदोबस्त पदाधिकारी,
बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, अरवल,
शिवहर, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ,
सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, पं० चंपारण,
बांका, जमुई, शेखपुरा, मुंगेर, एवं नालंदा।

पटना, दिनांक : 28-09-2020

विषय :– होर्डिंग, बैनर और पोस्टर के जरिए बिहार विशेष सर्वेक्षण का व्यापक प्रचार–प्रसार करने के संबंध में।

प्रसंग :– निदेशालय का पत्रांक– 17–विशेष सर्वेक्षण (Creative Writing) - 308/2019 10459 दिनांक–14.08.2020

महाशय,

उपर्युक्त प्रासंगिक विषयक पत्र का स्मरण किया जाय। उक्त पत्र में उल्लेखित किया गया था कि भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय द्वारा तीन विषयों (1) किस्तवार एवं खानापुरी की प्रक्रिया (2) बिहार विशेष सर्वेक्षण में रैयतों की जिम्मेवारी एवं (3) प्रपत्र–2 एवं प्रपत्र–3 (i) भरने की सामान्य जानकारी पर प्रचार सामग्री तैयार कराई गई है। यह प्रचार सामग्री पोस्टर, बैनर एवं होर्डिंग के रूप में है। साथ ही प्रचार सामग्री की सॉफ्ट कॉपी प्रासंगिक पत्र के साथ संलग्न कर भेजते हुए संसूचित किया गया था कि प्रचार सामग्री को रंगीन प्रिंट कराकर सूचना एवं जन संपर्क विभाग के सरकारी कार्यालयों में लगे फ्रेम में लगाया जाना है।

उक्त प्रासंगिक पत्र में यह भी संसूचित किया गया था कि होर्डिंग हेतु तैयार प्रचार सामग्री को फ्लैक्स पर रंगीन प्रिंट कराया जाना है। इसका साईज 8X12 एवं 10X20 फीट है। पोस्टर सामग्री A5, A4 एवं A3 साईज के पेपर पर छपनी है और यह दीवाल पर चिपकाने एवं लोगों के बीच बांटने के लिए है। इसी तरह बैठकों एवं सभाओं में लगाए जाने वाले बैनरों के लिए भी इस सामग्री का इस्तेमाल किया जाना है। Portrait आकार की सामग्री पोस्टर हेतु है, जबकि Landscape में होर्डिंग एवं बैनर की सामग्री दी जा रही है। जिला एवं अंचल कार्यालयों के अतिरिक्त यह प्रचार सामग्री सर्वेक्षण हेतु स्थापित विशेष शिविरों में भी लगायी और वितरित की जानी है। पंचायत सरकार भवन में चल रहे शिविरों में जहां पहले से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के फ्रेम लगे हुए नहीं है, वहां जिला प्रशासन द्वारा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के जरिए इस तरह के फ्रेम लगाए भी जाने हैं।

उल्लेखनीय है कि निदेशालय के पत्रांक–378 दिनांक–25.02.2020 एवं पत्रांक–1654 दिनांक–24.03.2020 द्वारा बंदोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय, सुपौल एवं शेखपुरा को यह प्रचार सामग्री पूर्व में भेजी जा चुकी है।

कृ०पृ०उ०

इस संदर्भ में उल्लेखित करना है कि निदेशालय स्तर से जिलों के लिए प्राधिकृत नोडल पदाधिकारियों द्वारा जिला भ्रमण पश्चात् सुचित किया गया है कि विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम का व्यापक प्रचार–प्रसार की कार्रवाई में जिला बन्दोबस्त कार्यालय द्वारा समुचित कार्रवाई नहीं की जा रही है।

पुनः अनुरोध है कि बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम के बारे में जन–जागरूकता बढ़ाने एवं इसका व्यापक प्रचार–प्रसार करने के लिए अपने स्तर से भी विशेष प्रयास करने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन

(जय सिंह)
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 17–विशेष सर्वेक्षण (Creative Writing) - 308 / 2019..10935 **पटना, दिनांक** :–28-09-2020

प्रतिलिपि :– राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के जिलों के लिए प्रतिनियुक्त सभी नोडल पदाधिकारी / निदेशालय के स्तर से जिलों के लिए प्रतिनियुक्त सभी नोडल पदाधिकारी / भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय में पदस्थापित जिलों के नोडल पदाधिकारी–सह–सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 17–विशेष सर्वेक्षण (Creative Writing) - 308 / 2019..10935 **पटना, दिनांक** :–28-09-2020

प्रतिलिपि :– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 17–विशेष सर्वेक्षण (Creative Writing) - 308 / 2019..10935 **पटना, दिनांक** :–28-09-2020

प्रतिलिपि :–सुश्री सुरभि सिंह, एम0आई0एस0 डाटा एनालिस्ट, आई0टी0 सेल को निदेशालय के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप